के लिए विशेष दवाइयों का आयात करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो प्रस्ताव का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार इस रोग की रोकथाम करने के लिए कोई कदम उठाने का विचार रखती है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) जी नहीं ।

(ख) से (घ) चर्मरोग (सफेद दाग) के उपचार के लिए देश में दवाइयां पहले से ही उपलब्ध हैं यह रोग न तो संक्रामक है और न छूत का । इसलिए रोग हेतु विज्ञान संबंधी घटकों को नियंत्रित करने के लिए पोषक आहार में सुधार करने के अलावा कोई विशेष उपाय करने की आवश्यकता नहीं है।

दिल्ली में सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्र (पी० सी० ओ०)

1185. **श्री सुनील कुमार पट्टनायक :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान दिल्ली में सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्रों के लिए कुल कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं ;

(ख) पूर्वी दिल्ली से कुल कितने आवेदन पत्र प्राप्त हुए ;

(ग) उपर्युक्त भाग (ख) में उल्लिखित आवेदन पत्रों में से कितने आवेदन पत्रों को (i) स्वीकृति प्रदान कर दी गई है ; (ii) कितने आवेदन पत्र विचाराधीन हैं ; और (iii) कितने रद्द कर दिए गए हैं ;

(घ) इन आवेदन पत्रों का कब तक निपटारा कर दिए जाने की संभावना है ; और

(ङ) नई दिल्ली में सार्वजनिक टेलीफोन केन्द्रों की क्षमता में सुधार करने का प्रस्ताव किस चरण पर है ?

संचार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सन्तोष मोहन देव): (क) से (ङ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

Offloading of women students from IA flight

1186. SHRIMATI JAYANTHI NATRAJAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news-item which appeared in "The Indian Express" of 12th April, 1987 to the effect that three women students were offloaded from IC-537 on 11th April, 1987, despite the fact that they held confirmed tickets on the flight, booked more than one month back and that the staff of Indian Airlines behaved very rudely with these students;

(b) if so, what action has been taken pursuant to this incident; and

(c) what percentage of overbooking is normally done on flights and what are the criteria for offloading the passengers?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) It is true that three women students were offloaded from flight IC-573 of 11th April, 1987. But it is not correct to say that the staff behaved rudely with the passengers.

(b) Transport arrangements were made for the three passengers by Indian Airlines and definite reservations were provided on the next day's flight Madras/Colombo.

(c) The percentage of overbooking varies from flight to flight. The passenger(s) reporting last is (are) offloaded, if required.